दिव्य हिमाचल 07/10/2024

# आठ को होगी भरली कालेज की पीटीए बैठक

पांवटा साहिब। गिरिपार क्षेत्र स्थित महाविद्यालय भरली में सत्र 2024-25 के लिए शिक्षक-अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। पिछली आम सभा में पीटीए मीटिंग का कोरम पूरा नहीं होने की वजह से नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया था। यह सभा वैसे तो इस माह के दूसरे शनिवार को होनी थी, लेकिन उस दिन सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अब इस शिक्षक-अभिभावक संघ की आम सभा का आयोजन मंगलवार आठ अक्तूबर को सुबह 11 बजे कालेज परिसर में होनी निश्चित हुई है। महाविद्यालय भरली के छात्र-छात्राओं के सभी अभिभावक आठ अक्तूबर को महाविद्यालय में आकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर शिमला भास्कर 09-10-2024

# भरली कॉलेज के पीटीए चुनाव में रूप सिंह प्रधान और सीमा बनी उपप्रधान



पांवटा साहिब | राजकीय महाविद्यालय भरली आंजभोज में मंगलवार को शिक्षक अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय भरली के प्राचार्य डॉक्टर जगदीश चौहान ने की। इसमें पहले पिछले साल की शिक्षक अभिभावक संघ कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके बाद नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से रूप सिंह चौहान को प्रधान और सीमा देवी को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा सचिव टीएस चौहान, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, ऑडिटर राजेंद्र पवार व नमित शर्मा, मुख्य सलाहकार डॉ दीपाली भंडारी, रणदीप चौहान तथा शांति स्वरूप, प्रेस सचिव सुशील तोमर, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र, विमला देवी और स्वाति चौहान को चुना गया। इस अवसर पर कांता चौहान और सोनम आदि भी उपस्थित रहे।

Principal
G.D.C. Bharali

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल
9/10/2024

## रूप सिंह भरली कालेज पीटीए अध्यक्ष



पांवटा साहिब। गिरिपार क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय भरली आंजभौज में सत्र 2024-25 के लिए शिक्षक-अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय भरली के प्राचार्य डा. जगदीश चौहान ने की। सर्वप्रथम पिछले साल की शिक्षक-अभिभावक संघ कार्यकारिणी को भंग किया गया। उसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इस कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से रूप सिंह चौहान को प्रधान तथा सीमा देवी को उप-प्रधान चुना गया। इसके अतिरिक्त सचिव टीएस चौहान, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, ऑडिटर राजेंद्र पंवार तथा नमित शर्मा, मुख्य सलाहकार डा. दीपाली भंडारी, रणदीप चौहान तथा शांति स्वरूप, प्रेस सचिव सुशील तोमर, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र, बिमला देवी तथा स्वाति चौहान को चुना गया। इस अवसर पर प्रो. कांता चौहान, जेओए-आईटी सोनम आदि भी मौजूद रहे।

Principal
G.D.C. Bharali

अमर उजाला
10/10/2024

## रूप सिंह बने भरली कॉलेज पीटीए के प्रधान



पुरुवाला। महाविद्यालय भरली आंजभोज में मंगलवार को सत्र 2024-25 के लिए शिक्षक अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जगदीश चौहान ने की। नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से रूप सिंह चौहान को प्रधान, सीमा देवी को उपप्रधान चुना गया। इसके अतिरिक्त सचिव टीएस चौहान, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, ऑडिटर राजेंद्र पवार और नमित शर्मा, मुख्य सलाहकार डॉ. दीपाली भंडारी, रणदीप चौहान और शांति स्वरूप, प्रेस सचिव सुशील तोमर, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र, विमला देवी व स्वाति चौहान को चुना गया। इस अवसर पर प्रो. कांता चौहान, जेओए-आईटी सोनम आदि भी उपस्थित रहे। संवाद

Principal
G.D.C. Bharali

दिव्य हिमाचल 10/10/2024

## भरली कालेज में एड्स पर किया जागरूक



पांवटा साहिब। गिरिपार क्षेत्र के आंजभौज इलाके में स्थित राजकीय महाविद्यालय भरली में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एवं एड्स जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डा. जगदीश चौहान ने की। सत्र का संचालन क्लब की संयोजिका प्रो. कांता चौहान के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान डा. दीपाली भंडारी ने औपचारिक रूप से सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात एएमओ डा. पायल ठाकुर ने एड्स से बचाव के तरीके बताए और कहा कि एड्स बचाव के बारे में हमें खुद जागरूक होकर अपने आसपास सभी लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान डाक्टर द्वारा छात्रों को एचआईवी को लेकर जागरूक किया व इसके बारे में जानकारी दी। अंत में आरआरसी प्रभारी प्रो. कांता चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन आरआरसी वालंटियर वंशिका चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, गैर शिक्षक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

Principal
G.D.C. Bharali

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 23/10/2024

# भरली कालेज में करियर पर दिए टिप्स

पांवटा साहिब। गिरिपार क्षेत्र के आंजभोज इलाके में स्थित राजकीय महाविद्यालय भरली में मंगलवार को करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के आरंभ में सुशील तोमर ने औपचारिक रूप से यूको बैंक से आमंत्रित मुख्य वक्ता निशांत एवं उपस्थित श्रोताओं का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य वक्ता ने एक घंटे के इस सत्र में छात्रों को बैंकिंग के विविध आयामों के बारे में जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में आने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डा. दिपाली शर्मा भंडारी ने आमंत्रित अतिथि का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी एवं सदस्य, स्टाफ सहित लगभग 40 छात्र उपस्थित रहे।



23.10.24
Principal
G.D.C. Bharali

अमर उजाला 23/10/2024

## भरली कॉलेज में रोजगार की दी जानकारी

पुरुवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली में मंगलवार को कॅरिअर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से छात्रों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता निशांत ने एक घंटे के सत्र में छात्रों को बैंकिंग के विविध आयामों के बारे में जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में आने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों की ओर से पूछे गए प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया। संवाद

23.10.24
Principal
G.D.C. Bharali

अमर उजाला 27/10/2024

## भरली कॉलेज में लगा पर्यावरण जागरुकता शिविर

पुरुवाला। राजकीय महाविद्यालय भरली में एनएसएस इकाई और नेहरू युवा केंद्र ने पर्यावरण जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में नेहरू युवा केंद्र नाहन के लेखा और कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने, पेड़ को बचाने, अपने आसपास सफाई रखने और जंगल में लगी आग को बुझाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने माई भारत पोर्टल पर भी खुद को पंजीकृत (रजिस्टर) करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। यह कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुशील तोमर के देखरेख में आयोजित हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगदीश चौहान, प्रो. टीएच चौहान, डॉ. दीपाली भंडारी और स्वाति चौहान उपस्थित रहे। संवाद

Principal
G.D.C. Bharali

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 27/10/2024



# भरली कालेज के स्वयंसेवियों ने पर्यावरण पर जगाया अलख



पांवटा साहिब। महाविद्यालय भरली में एनएसएस यूनिट के द्वारा नेहरू युवा केंद्र के साथ मिलकर एक पर्यावरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में नेहरू युवा केंद्र नाहन के लेखा और कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने, पेड़ को बचाने, अपने आसपास स्वस्थ रखने तथा जंगल में लगी आग को बुझाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने माई भारत पोर्टल पर भी खुद को रजिस्टर करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। यह कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुशील तोमर की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डा. जगदीश चौहान, प्रो. टीएच चौहान, डा. दीपाली भंडारी तथा स्वाति चौहान उपस्थित रहे।

Principal
G.D.C. Bharali

अमर उजाला 14/11/2024

# वार्षिक रैंकिंग के लिए टीम ने भरली आंज भोज कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

पुरूवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली आंजभोज के आंतरिक निरीक्षण व मूल्यांकन करने के लिए निरीक्षण टीम ने औचक निरीक्षण किया।

टीम की अध्यक्षता महाविद्यालय दिग्गल की प्राचार्य डॉ. हरप्रीत कौर ने की। जबकि उपाध्यक्ष डॉ. सिमरन घिल्डियाल राजकीय महाविद्यालय रामशहर, सदस्य डॉ. तनु कालसी, डॉ. हेतराम, डॉ. नरेश व पूरन ठाकुर सदस्य के रूप में टीम में शामिल रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रितु पंत और सभी सदस्यों ने निरीक्षण टीम का स्वागत किया। इसके बाद टीम ने महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षिक भवन का निरीक्षण किया गया। इसके बाद पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। आइ क्यू एसी कोऑर्डिनेटर डॉ. दिपाली भंडारी और सदस्य स्वाति चौहान ने समस्त रिकॉर्ड टीम को निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया। टीम ने सभी रिकॉर्ड्स की जांच की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रितु पंत, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगदीश चौहान समेत शैक्षिक और गैर शैक्षिक वर्ग के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



भरली कॉलेज में निरीक्षण टीम के साथ प्राचार्य व स्थानीय स्टॉफ। संवाद

## प्रशासनिक, शैक्षिक भवन समेत पुस्तकालय और सभी तरह का रिकॉर्ड जांचा

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner


दिव्य हिमाचल 14/11/2024

# कालेज के प्रशासनिक भवन का किया निरीक्षण

## भरली कालेज में रैंकिग के लिए टीम ने जांच कालेज,सिरमौर टीम दौरे पर

कार्यालय संवाददाता-'पांवटा साहिब

पांवटा साहिब के आंजभौज क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय भरली में बुधवार को निरीक्षण टीम वार्षिक रैंकिंग के लिए महाविद्यालय का आंतरिक निरीक्षण तथा मूल्यांकन करने के लिए पहुंची। टीम की अध्यक्षता डा. हरप्रीत कौर प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय दिग्गल द्वारा की गई। उपाध्यक्ष डा. सिमरन घिल्डियाल राजकीय महाविद्यालय रामशहर तथा सदस्य डा. तनु कालसी, डा. हेतराम, डा. नरेश एवं पूरन ठाकुर इस टीम के सदस्य थे। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रितु पंत एवं समस्त स्टाफ, केंद्रीय छात्र परिषद के पदाधिकारियों तथा महाविद्यालय के छात्रों द्वारा



निरीक्षण टीम का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम टीम के द्वारा महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षिक भवन का निरीक्षण किया गया। इसके बाद महाविद्यालय के पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डा. दिपाली भंडारी एवं सदस्य स्वाति चौहान द्वारा महाविद्यालय का समस्त रिकार्ड टीम को निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया गया। टीम के द्वारा सभी रिकॉर्ड्स की जांच की गई। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रितु पंत, वरिष्ठ प्राध्यापक डा. जगदीश चौहान के साथ-साथ शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक वर्ग के सभी सदस्य उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों की रैंकिंग वार्षिक आधार पर निर्धारित की जानी है। इसी क्रम में विभाग द्वारा निर्धारित की गई निरीक्षण टीम सिरमौर में स्थित महाविद्यालयों के दौरे पर है।

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

# भरली कालेज में आंजभौज इको क्लब ने किया पोधारोंपण



कार्यालय संवाददाता पांवटा साहिब

राजकीय महाविद्यालय भरली आंजभौज में इको क्लब के द्वारा स्टाफ व प्राचार्या सहित महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने हेतु एवं सौंदर्यकरण हेतु औषधीय और फूलदार पौधों को रोपा गया। इस उपलक्ष्य में प्राचार्या डा. रितु पंत ने बताया कि प्रत्येक स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि जो भी फूल-पौधे उनके द्वारा लगाए गए हैं वह उनके रखरखाव का विशेष ध्यान रखेंगे। यह कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी कांता चौहान की देखरेख में संपन्न हुआ। इस पौधा रोपण कार्य में शैक्षिक व गैर शैक्षिक वर्ग तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

दिव्य हिमाचल 14/11/2024

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला 27/11/2024

# भरली कॉलेज में छात्रों को मतदान प्रक्रिया के बारे में किया जागरूक

पुरूवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली में संविधान दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय के ईएलसी ग्रुप, एनएसएस यूनिट और राजनीतिक विभाग ने मिल कर एक मतदान जागरुकता शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ऋतू पंत की अनुमति पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय 15 बूथ स्तर अधिकारी उपस्थित हुए जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर संविधान दिवस के अवसर पर देश के संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर को याद किया और उनसे सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के परिसर अंबेसडर कमल और सोनिका ने सभी बीएलओ का स्वागत किया और अपने वक्तव्य से विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया।

बीएलओ राम गोपाल ने अपने वक्तव्य से एनएसएस स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व के बारे में बताया और वोट बनाने और देने क लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और इलेक्शन नोडल ऑफिसर प्रो. सुशील ने सभी का धन्यवाद किया। संवाद

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

अमर उजाला 28/11/2024

# भरली कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की प्रार्थी बनीं सीएससीए अध्यक्ष




भरली आंजभोज कॉलेज में शपथ ग्रहण करने के बाद सीएससीए के पदाधिकारी स्टाफ के साथ। संवाद

## भरली आंजभोज कॉलेज में केंद्रीय छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

पुरूवाला। राजकीय महाविद्यालय भरली आंजभोज में बुधवार को महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ (सीएससीए) शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रितू पंत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रार्थी को सीएससीए अध्यक्ष और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना देवी को वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. टीएस चौहान ने सीएससीए उपाध्यक्ष के पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इसके अलावा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा महिमा तोमर को प्रो. सुशील तोमर ने सीएससीए सचिव, बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र यथार्थ चौहान को अधीक्षक चिंतामणि ने सह सचिव की शपथ दिलाई। वहीं क्लास प्रतिनिधियों को पुस्तकालय अध्यक्ष अंजना कुमारी और सीएससीए मनोनीत सदस्यों को कार्यालय प्रतिनिधि नमित कुमार और सोनम ने शपथ दिलाई।

शपथ लेने के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष प्रार्थी ने मंच से महाविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया और कॉलेज के प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का विश्वास जताया। संवाद

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 28/11/2024

## भरती कालेज में सीएससीए की नई कार्यकारिणी गठित



कालेज कैंपस

पांवटा साहिब। गिरिपार क्षेत्र के महाविद्यालय भरली में महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ (सीएससीए) शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रितु पंत बतौर मुख्यातिथि शामिल हुईं। इस अवसर पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रार्थी को प्राचार्या ने सीएससीए अध्यक्ष, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना देवी को वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. टीएस चौहान ने सीएससीए उपाध्यक्ष, महिमा तोमर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को प्रो. सुशील तोमर ने सीएससीए सचिव, यथार्थ चौहान बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र को सुपरिटेंडेंट चिंतामणि ने सीएससीए सह-सचिव, क्लास प्रतिनिधियों को लाइब्रेरियन अंजना कुमारी तथा सीएससीए मनोनित सदस्यों को ऑफिस स्टाफ नमित कुमार और सोनम ने शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद पहली बार अध्यक्ष प्रार्थी ने मंच से महाविद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया और महाविद्यालय के प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का विश्वास जताया। महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी और भविष्य में सीएससीए को हर जगह सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने सीएससीए के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना और उन समस्याओं को हल करने के विषय पर भी चर्चा हुई।

दिव्य हिमाचल Thu, 28 November 2024 https://epaper.divyahimac

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

अमर उजाला 30/11/2024

## महाविद्यालय भरली के परिसर में दिखा तेंदुआ

पुरुवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली के परिसर में तेंदुआ देखा गया है। इसके बाद इलाके में दहशत का माहौल है। तेंदुए को सबसे पहले कॉलेज के सेवादार दिनेश और ऋषभ ने देखा। सीसीटीवी फुटेज में तेंदुआ वीरवार शाम 5 बजे के वक्त उछल कूद और दौड़ता-छुपता देखा जा रहा है।

मामला संज्ञान में आते ही शुक्रवार को कॉलेज की तरफ से फौरन इसकी सूचना वन मंडल अधिकारी पांवटा को दी गई। वहीं कॉलेज की ओर से शिकायत मिलने वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। महाविद्यालय के अधीक्षक चिंतामणि ने वन विभाग को मामले में पत्राचार किया था। इसके बाद वन विभाग ने मौके पर जाकर तेंदुए की खोजबीन के साथ ही उसके पंजे के निशान भी खंगाले, लेकिन तेंदुआ कहीं नहीं मिला।

फिलहाल वन विभाग अब कॉलेज क्षेत्र में गश्त कर बच्चों को जागरूक कर रहा है। वन परिक्षेत्राधिकारी काकू राम ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर गई है, जहां तेंदुए के पांव के निशान की मदद से उसे ट्रैक करने की कोशिश की जा रही है। तेंदुए की दहशत के बाद से भरली महाविद्यालय और आसपास गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि यहां एक पिंजरा लगा दिया जाएगा तथा आगे भी कड़ी नजर रखने के लिए विभाग की ओर से एक गाइड को निश्चित कर दिया जाएगा। संवाद

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 17-12-2024 03/12/2024

## भरती में एड्स पर जागरूकता अभियान



पांवटा साहिब। जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के आंजभोज इलाके में स्थित राजकीय महाविद्यालय भरली में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एवं एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक टीएस चौहान ने की। प्रथम दिन चार्ट मेकिंग और नारा लेखन का आयोजन किया गया। चार्ट मेकिंग में तान्या प्रथम, अंजू द्वितीय था निशा देवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन में वशिका चौहान प्रथम, सौनिया चौहान द्वितीय स्थान और अंशुल चौहान तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन क्लब की संयोजिका प्रो. कांता चौहान के मार्गदर्शन में हुआ। इस उपलक्ष्य में सभी शिक्षक और गैर शिक्षक सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

अमर उजाला 05/12/2024

# नारा लेखन स्पर्धा में तनिष्का चौहान प्रथम




महाविद्यालय भरली में सड़क सुरक्षा को लेकर बनाए गए पोस्टरों को दिखाते प्रतिभागी छात्र। संवाद

### भरली कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

पुरूवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सड़क सुरक्षा के सुनहरे नियम विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तनिष्का चौहान पहले स्थान पर रहीं। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका चौहान ने दूसरा और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना ने तीसरा स्थान हासि[ल] किया। इस अवसर पर प्राचा[र्य] डॉक्टर रितु पंत, वरिष्ठ प्राध्याप[क] टीएस चौहान, डॉ. दीपाली भंडा[री] स्वाति चौहान, सुशील तोम[र] अधीक्षक चिंतामणि एवं जेओ[ए] सोनम आदि मौजूद रहे। संवाद

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 05/12/2024

## नारा लेखन में तनिष्का चौहान ने झटका पहला स्थान

पांवटा साहिब। भरली कालेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा के सुनहरे नियम विषय पर नारा लेखन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तनिष्का चौहान प्रथम स्थान पर रही। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका चौहान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना रही। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्या डा. रितु पंत के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य पर वरिष्ठ प्राध्यापक टीएस चौहान, डा. दीपाली भंडारी, स्वाति चौहान, सुशील तोमर, अधीक्षक चिंतामणि एवं जेओए सोनम उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

दिव्य हिमाचल 14/12/2024

**आयोजन** विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डा.रितु पंत ने मेडल देकर किया सम्मानित

## भूमिका तोमर -मनीष चौहान चुने बेस्ट एथलीट

स्टाफ रिपोर्टर-पांवटा साहिब



पांवटा साहिब के महाविद्यालंय भरली में शुक्रबार को वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय भरली की प्राचार्या डा. रितू पंत बतौर मुख्यातिथि तथा पीटी, अध्यक्ष श्री रूप सिंह चौहान जी बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। महाविद्यालय भरली में वार्षिक एथलेटिक मीट में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख, 100 मी, 200 मीटर तथा 400 मी रेस का आयोजन किया गया। इसके अलावा लॉन्ग जंपए हाई जंप तथा शॉट पुट जैसी खेल प्रतियोगिताओं भी शामिल थी। यह प्रतियोगिताएं लड़कों तथा लड़कियों दोनों कैटिगरी के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई। इस उपलक्ष पर बतौर ऑफिशल्स स्कूल नघेता के शारीरिक विभाग के प्रवक्ता राजेश चौहान जी तथा विद्यालय बनौर के शारीरिक विभाग के प्रवक्ता सुरेश चौहान जी शरीक हुए। प्रमुख तौर पर यह पूरा कार्यक्रम प्रोव टी एस चौहान और प्रोव सुशील तोमर की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इन सभी गतिविधियों में भूमिका तोमर लड़कियों में तथा मनीष चौहान लड़कों में बेस्ट एथलीट चुने गए। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डा.रितु पंत ने मेडल से सम्मानित किया और उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं दी।

इस दौरान राजपुर अस्पताल से एक मेडिकल टीम भी उपलब्ध रही। जिसकी इंचार्ज प्रियंका ठाकुर जी थी। यह कार्यक्रम पूरे दिन भर चलता रहा। जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डा. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो स्वाति चौहान, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी, ऑफिस स्टाफ सोनम कुमारी तथा पीटी, सदस्य सभी उपस्थित रहे।

Principal
G.D.C. Bhar...

अमर उजाला 14/12/2024

## भूमिका तोमर और मनीष चौहान सर्वश्रेष्ठ एथलीट

पुरूवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली में शुक्रवार को वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय भरली की प्राचार्या डॉ. रितू पंत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि पीटीए अध्यक्ष रूप सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि रहे।

इस दौरान 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट जैसी स्पर्धाएं कराई गईं। छात्र और छात्रा वर्ग में यह स्पर्धाएं हुई। इसमें भूमिका तोमर और मनीष चौहान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

नघेता स्कूल के प्रवक्ता राजेश चौहान, प्रवक्ता सुरेश चौहान, प्रो. टीएस चौहान, प्रो. सुशील तोमर समेत डॉ. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी, सोनम कुमारी मौजूद रहीं। संवाद

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला 17-12-2024

# मैराथन में भारती, यथार्थ विजेता

संवाद न्यूज एजेंसी

पुरूवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली आंजभोज में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स पर जागरूकता को लेकर मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रितु पंत ने की।

### भरली आंजभोज कॉलेज में एड्स पर मैराथन

उन्होंने बताया कि युवाओं को स्वास्थ्य बनाए रखने और एचआईवी एड्स के जोखिम को कम करने की ये अच्छी पहल है। रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. कांता चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया और दौड़ लगाई। यह दौड़ महाविद्यालय मैदान के चारों ओर लगाई गई। मैराथन में महिला वर्ग में भारती ने प्रथम स्थान, शालू ने द्वितीय व तनिष्का ने तृतीय स्थान हासिल किया।

पुरुष वर्ग में यथार्थ ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय तथा अमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मैराथन में छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए वरिष्ठ प्राध्यापक टीएस चौहान, डॉ. दीपाली भंडारी, प्रो. स्वाति चौहान, प्रो. सुशील कुमार, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी और कार्यालय से अधीक्षक चिंतामणि व सोनम मौजूद रहे।

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

दिव्य हिमाचल 19-12-2024

# भरली में सड़क सुरक्षा पर निकाली जागरूकता रैली




कार्यालय संवाददाता - पांवटा साहिब

राजकीय महाविद्यालय भरली में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर टीएस चौहान के द्वारा इस रैली की शुरुआत की गई। यह रैली महाविद्यालय से शुरू होकर भरली गांव तक निकाली गई। विद्यार्थियों द्वारा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश इस रैली के माध्यम से दिया गया। प्रत्येक नागरिक यदि यातायात नियमों का जिम्मेदारी से पालन करें तो आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी प्रोफेसर स्वाति चौहान ने इस जागरूकता रैली का संचालन किया। डा. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. सुशील तोमर, अंजना कुमारी तथा चिंतामणि आदि उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल Thu, 19 December 2024 https://epaper.divyahima

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर 20-12-2024

दैनिक भास्कर | शिमला भास्कर 20-12-2024

## धार्मिक स्थल धौलीढांग, राजपुर और सड़कों के किनारे से बिखरे प्लास्टिक को किया एकत्रित



पांवटा साहिब | भरली कॉलेज में इको क्लब ने प्लास्टिक प्रदूषण प्रबंधन के तहत जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान कार्यवाहक प्राचार्य टीएस चौहान की अध्यक्षता में हुआ। इको क्लब प्रभारी प्रो. कांता चौहान ने बताया कि धार्मिक स्थल धौलीढांग और राजपुर आदि क्षेत्र में सड़कों के किनारे और आसपास के गांव से प्लास्टिक व बोतल एकत्रित किया। अब इसका पुनः प्रयोग करके इको ब्रिक्स व प्लांट पोट तैयार किए जाएंगे। छात्र छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया कि प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें व उसको इधर-उधर ना फेंके क्योंकि इसका मानव स्वास्थ्य और वन्य जीवों पर खतरा मंडरा रहा है। इस कार्यक्रम में डॉ. दीपाली भंडारी, प्रो. स्वाति चौहान, प्रो. सुशील कुमार, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी व चिंतामणि मौजूद रहे।

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

दिव्य हिमाचल 09-02-2025

## भरली कालेज में एनएसएस शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता-पांवटा साहिब

गिरिपार क्षेत्र के महाविद्यालय भरली में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई कार्पोरेशन की निदेशक और हिमाचल प्रदेश महिला कल्याण बोर्ड की सदस्य रहीमा बेगम मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुईं। उनके साथ अन्य अतिथि मोहम्मद शाहिद, यशवीर सिंह अरोड़ा तथा श्याम चौहान भी शामिल हुए। इसके अलावा महाविद्यालय के पीटीए प्रधान रूप सिंह चौहान, मुकेश चौहान भी उपस्थित हुए। महाविद्यालय भरली परिवार की तरफ से प्राचार्य डा. रितु पंत ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सुशील कुमार ने सात दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बच्चों ने पहाड़ी नाटी, पंजाबी डांस तथा अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि रहीमा बेगम ने बच्चों को जिंदगी से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण बातें बताईं तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने जिंदगी के कुछ खट्टे-मीठे अनुभव को भी बच्चों के साथ सांझा किया।

एनएसएस स्वयंसेवी में तान्या बेस्ट फीमेल तथा कमल तोमर को बेस्ट मेल कैडट से सम्मानित किया गया। डा. दीपाली भंडारी ने सभी अतिथियों का उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ प्रो. रोहित चौहान, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी आदि भी मौजूद रहे। इस सात दिवसीय शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।




पांवटा साहिब: एनएसएस शिविर के समापन समारोह के दौरान छात्र व अध्यापक

दिव्य हिमाचल Sun, 09 February 2025
https://epaper.divyahimachal.com/c/76778272

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 16-02-2025

## 37 छात्र-छात्राओं ने मशरूम प्लांट का किया दौरा



पांवटा साहिब। पांवटा साहिब में गिरिपार क्षेत्र के महाविद्यालय भरली से स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत 37 छात्र-छात्राओं ने पुरवाला के नजदीक स्थित सालवाला में मशरूम प्लांट का दौरा किया। मशरूम प्लांट के ओनर कर्म पुंडीर ने बच्चों को मशरूम उगाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पहले उसके लिए कंपोस्ट तैयार किया जाता है, उसके बाद उसमें बीज रोपा जाता है और मशरूम तैयार करने के दौरान विभिन्न प्रकार के छिड़काव उसमें किए जाते हैं। उनका मानना है कि ऑस्टर नाम का मशरूम हम घर में भी तैयार कर सकते हैं। बिजनेस के नजरिए से भी मशरूम प्लांट एक बहुत बेहतरीन विकल्प है। इससे लोग महीने की अच्छी कमाई कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डा. रितु पंत ने बच्चों को इस क्षेत्र में करियर बनाने और घर में उगाने की सलाह दी। साथ ही महाविद्यालय भरली का पूरा स्टाफ वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. टी एस चौहान, डा. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान तथा डा. सुशील तोमर भी बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल Sun, 16 February 2025 https://epaper.divyahima

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.

दिव्य हिमाचल 04-03-2025

## भरली कालेज की मीटिंग में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर मंथन

**कार्यालय संवाददाता-पांवटा साहिब**

गिरिपार क्षेत्र के महाविद्यालय भरली में प्राचार्या और स्टाफ ने स्थानीय लोगों के साथ एक विशेष मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें आंजभोज क्षेत्र के सभी पंचायत प्रधानों तथा वरिष्ठ नागरिकों को निमंत्रण दिया गया। यह मीटिंग महाविद्यालय तथा स्थानीय लोगों के बीच समन्वय बिठाने और बच्चों के सर्वांगिण विकास पर विचार करने के लिए आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डा. रितु पंत ने सभी स्थानीय लोगों के सामने बहुत सी भविष्य योजनाएं और नौ साल के महाविद्यालय के कार्यकाल की उपलब्धियों के पर बातचीत की। इस अवसर पर कलाथा भड़ाना पंचायत प्रधान देवराज नेगी, टौंरू डांडाआंज प्रधान कमला देवी, भरली आगरा प्रधान रीना देवी, नघेता पंचायत उप-प्रधान ओम प्रकाश शर्मा तथा शिवा पंचायत के उप-प्रधान राकेश चौहान के साथ आंजभोज के प्रबुद्ध लोग सुंदर सिंह चौहान, हिरदा राम चौहान, संतराम चौहान, रंगी लाल चौहान, जगदीश्वर सिंह तोमर, नरेंद्र तोमर, श्याम सिंह तोमर, कुंदन सिंह तोमर, गुलाब सिंह चौहान, रामलाल चौहान, जयपाल पुंडीर, नरेंद्र परमार, रणदीप पुंडीर आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. टीएस चौहान, डा. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी, सुपरिटेंडेंट चिंतामणी व नमित कुमार आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

दिव्य हिमाचल Tue, 04 March 2025 https://epaper.divyahimac

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला 04-03-2025

## भरली कॉलेज की मदद का भरोसा

पुरूवाला। महाविद्यालय भरली और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय बिठाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विचार करने को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रितु पंत ने लोगों के सामने भविष्य योजनाएं रखीं। पीटीए अध्यक्ष रूप सिंह चौहान ने भी विचार रखे।

बैठक में सभी ने महाविद्यालय प्रशासन को विश्वास दिलाया कि स्थानीय लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। महाविद्यालय के विकास के लिए हमेशा प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर, कलाथा भड़ाना पंचायत प्रधान देवराज नेगी, टॉरू डांडा आंज प्रधान कमला देवी, भरली आगर प्रधान रीना देवी, नघेता पंचायत उपप्रधान ओम प्रकाश शर्मा तथा शिवा पंचायत के उप प्रधान राकेश चौहान के साथ आंजभोज के सुंदर सिंह चौहान, हिरदाराम चौहान, संत राम चौहान आदि मौजूद रहे। संवाद

RL

Principal
Govt. Degree College
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 18-03-2025

# लोगों को यातायात नियमों की दी जानकारी

## भरली कालेज में चलाया सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता-पांवटा साहिब




राजकीय महाविद्यालय भरली में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा लोगों को यदि यातायात नियमों का सही ढंग से पालन किया जाए तो बहुत सारी सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है इसको लेकर जागरूक किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करने के संदेश के साथ छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतरे। इस दौरान कालेज के सड़क सुरक्षा क्लब के स्वयंसेवकों ने आने जाने वाले वाहनों को रोक कर यातायात नियमों से संबंधित पर्चे बांटकर वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डा. रितु पंत के संरक्षण में आयोजित किया गया। शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक वर्ग के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्या डा. रितु पंत ने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया व पंपलेट भी बांटे।

Rk
Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

दैनिक भास्कर 20-03-2025

दैनिक भास्कर शिमला भास्कर 20-03-2025

## वार्षिक समारोह में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

पांवटा साहिब | भरली कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि नसीमा बेगम निदेशक नागरिक आपूर्ति निगम ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. रितु पंत ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी सबका मन मोह लिया। गीत, नृत्य और नाट्य प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉ. सुशील तोमर ने मंच संचालन किया। इस मौके पर टीएस चौहान, डॉ. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, अंजना आदि मौजूद थे।

# गोरा-गोरा मुखड़ा... पर नाटी डाल माया और विकेश ने बांधा समां

## भरली कॉलेज में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में नवाजे होनहार

संवाद न्यूज एजेंसी

नयेला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम की निदेशक नसीमा बेगम ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं गंगा सिंह तोमर विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य डॉ. रितु पंत ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में 103 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 90 फीसदी बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। तनिष्का ने सोलो नृत्य पेश किया। माया और विकेश ने गोरा-गोरा मुखड़ा नाटी पर मनमोहन नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। शोभना, निशा, और समृद्धि ने पहाड़ी नाटियों पर सुंदर नृत्य किया। आशा ने दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए गाना गाया।

मुख्यातिथि नसीमा बेगम ने इस दौरान अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि आज हमारा समाज नशे की ओर जा रहा है। इसकी चपेट में युवा वर्ग अधिक आ रहा है। उन्होंने परिजनों से अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। वहीं बच्चों से भी नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में अव्वल रहने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इनमें बीए प्रथम वर्ष में वंशिका चौहान, द्वितीय वर्ष प्रेमी चौहान, रीना, गरिमा, तृतीय वर्ष योगेश तोमर, नेहा, चेतन, वाणिज्य में प्रथम वर्ष विकेश कुमार, तृतीय वर्ष निखिल कुमार शामिल हैं।

एनएसएस में बेहतरीन कार्य के लिए चेतन, हिमांशी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा पोस्टर मेकिंग में वंशिका चौहान, महिमा तोमर वंशिका चौहान, प्रेमी, रीना, गरिमा, आंचल, विकेश, रजना, प्रियांशी, सोनिका, रीना, पीयूष, तनिशा, प्राची, एजेंद्र प्रसाद, अमन रत्न, ज्ञान, निखिल, अमित, सोनिया, कृतिका, रिया, साक्षी, तान्या, वंशिका चौहान, महक चौहान, अंजू, इको क्लब में तनिष्का चौहान, रीना, अंशु, निबंध लेखन में हेमलता, अंशुल, रेड रिबन वंशिका, मोनिया, चार्ट मेकिंग में तान्या, अंजू, निशा और सोनिका को भी पुरस्कृत किया गया।

इस समारोह में महाविद्यालय भरली के समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षिक सदस्य के अलावा सेवानिवृत्त प्रिंसिपल खुशी राम चौहान, पीटीए प्रधान रूप सिंह, टौंक डांडा आंज की प्रधान कमला देवी कल्याण सिंह, उत्तर सिंह, श्याम सिंह, जेपी तोमर, भरली की प्रधान सुनीता देवी, नरेंद्र चौहान, प्रियंका, नमित कपूर, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान जयगोपाल, सेवानिवृत्त सूबेदार सुंदर लाल शर्मा, रामलाल चौहान आदि लोग मौजूद रहे।




भरली कॉलेज में वार्षिक समारोह के दौरान नाटी करते विद्यार्थी। संवाद

मुख्यातिथि नसीमा बेगम ने साझा किए अनुभव, नशे से दूर रहने की दी सलाह

Principal
Govt. Degree College,
Bharali, Distt. Sirmour (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला 20-03-2025

# भरली महाविद्यालय में नृत्य गीतों से छात्रों ने बांधा समां



भरली महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पुरुवाला (सिरमौर)। राजकीय महाविद्यालय भरली में प्रथम केंद्रीय छात्र संगठन कार्यक्रम 'उम्मीद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. रितु पंत. ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने पहाड़ी नाटी, पंजाबी डांस, गायन तथा एकल नृत्य आदि गतिविधियों में प्रस्तुति दीं। इस अवसर पर तान्या ने मंच संचालन किया और अपनी शेरो-शायरी से समां बांधा। इस मौके पर वरिष्ठ प्रो. टीएस चौहान, डॉ. दीपाली भंडारी, प्रो. कांता चौहान, प्रो. स्वाति चौहान, डॉ. सुशील तोमर, लाइब्रेरियन अंजना कुमारी, अधीक्षक चिंता गनी और नमित कुमार भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने तृतीय वर्ष के छात्रों को विदाई पार्टी का आयोजन किया।